इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए निःशुल्क ऑनलाइन कोर्स

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) और सॉफ्टप्रो इंडिया कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी के बीच हुए विगत माह हुए एमओयू के अन्तर्गत इंजीनियरिंग के छात्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने और उन्हें अपने डोमेन में नवीनतम ट्रेनिंग टेक्नोलॉजी के द्वारा सीखने के लिए आठ ऑनलाइन पाठ्यक्रम प्रदान किए जा रहे हैं।

शुक्रवार को विवि के ऑडिटोरियम में बीटेड के छात्रों के लिए निःशुल्क ऑनलाइन कोर्स पोर्टल लांच किया गया। इस पोर्टल के माध्यम से छात्र आठ कोर्सेज वेब टेक्नॉलॉजी, कोर जावा, पाइथन एप्लीकेशन, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, कैड टूल्स इन मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कैड टूल्स इन सिविल इंजीनियरिंग और प्रोफेशनल कम्यूनिकेशन में अपना पंजीकरण कर इसका लाभ उठा सकते हैं। छात्रों के रोजगार कौशल को बढ़ावा देकर उन्हें कार्यक्षमता की मांगों के

■ छात्रों को सॉफ्टप्रो इण्डिया के उद्योग विशेषज्ञों के साथ जुड़ने का मिलेगा अनूठा अवसर

लिए तैयार करना तथा शिक्षा और उद्योग के बीच नवाचार और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है।

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और सॉफ्टप्रो ग्रुप ऑफ कम्पीज के बीच आहूत इंडस्ट्री एकेडिमया इंटरेक्शन प्रोग्राम एक सकारात्मक और सहयोगात्मक पहल है। उन्होंने कहा कि आयोजित कार्यक्रम एकेडमिक शिक्षा और व्यावहारिक औद्योगिक समझ के बीच की खाई को भरने की हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण क्षण का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि कंपनी के साथ हुई इस साझेदारी के माध्यम से उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के छात्रों को सॉफ्टप्रो इण्डिया के उद्योग विशेषज्ञों के साथ जुड़ने का अनूठा अवसर मिलेगा।

सॉफ्टप्रो इण्डिया कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड की सीईओ यशी अस्थाना ने कहा कि तकनीकी विश्वविद्यालय के साथ मिलकर बीटेक के छात्रों की बेहतरी के लिए यह आठ फ्री ऑनलाइन कोर्स चलाये जाने का प्रयास कम्पनी की तरफ से किया जा रहा है।

इस मौके पर विवि के कुलसचिव डा. सत्येन्द्र सिंह, वित्त नियंत्रक बिक्रम सिंह जंतवाल, डॉ. मनोज कुमार पांडा, निदेशक परिसर महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, डॉ. एसके प्रधान निदेशक परिसर टीएचडीसीआईएचईटी टिहरी, डा. अमित अग्रवाल निदेशक परिसर इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी गोपेश्वर, डा. एचएल मन्दोरिया निदेशक परिसर अब्दुल कलाम इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी टनकपुर, कार्यक्रम संयोजक डा. विशाल रमोला कोर्डिनेटर फैकल्टी ऑफ टैक्नोलॉजी यूटीयू तथा सॉफ्टप्रो इण्डिया कम्प्यूटर टैक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड की प्रबन्ध निदेशक व चेयरमैन ई. अजय चौधरी, सीईओ यशी अस्थाना, डीजीएम जितेन्द्र शर्मा आदि मौजूद थे।